strategy and pressure exerted by the security forces.

Autonomy to tribal areas in Madhya Pradesh

236. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI RAJNI RANJAN SAHU:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether any proposal was made by Government of Madhya Pradesh to enforce the Sixth Schedule of the Constitution, providing autonomy to the Tribal areas in the State;

(b) if so, which areas are proposed to be covered by by the autonomous council contemplated to be constituted in that State; and what are the other details of the scheme; and

(c) what is Government's decision in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) No, Sir.
(b) and (c) Do not arise.

गृह मंत्री द्वारा लिखे गए गोपनीय पत्र से संबंधित समाचार

237. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा :**

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1 जुलाई, 1994 के एशियन एज नामक समाचार में प्रकाशित इस आशय का समाचार सत्य है कि गृह मंत्री द्वारा जम्मू और काश्मीर के राज्यपाल को लिखा गया एक गोपनीय पत्र आतंकवादियों के हाथ लग गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके लिये दोषी व्यक्तियों के नाम क्या हैं ;

(ग) क्या इसके लिये दोषी पाये गये व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को दण्डित किया गया है ; और

(घ) भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न होने देने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (घ) सरकार को, प्रश्नाधीन समाचार की जानकारी है । जम्मू व काश्मीर राज्य सरकार से तथ्यों का पता लगाने को कहा गया है ताकि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ और भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति को रोकने के लिये उपर्युक्त कार्रवाई की जा सके ।

"इंटरपोल" से सहायता की मांग किया जाना

238. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :**
श्री अनन्तराम जायसवाल:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि "इन्टरपोल" खूंखार अपराधियों के सरगना "बबलू" उर्फ ओम प्रकाश श्रीवास्तव सहित कुछ अपराधियों की तलाश कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे अपराधियों की संख्या कितनी है तथा क्या सरकार ने खूंखार अपराधी सरगना "बबलू" का पता लगाने, उसे स्वदेश वापस लाने के लिये अब तक कोई कदम उठाये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) और (ख) इन्टरपोल, ओमप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू की तलाश में नहीं है।

(ग) केन्द्रीय जांच ब्यूरो को, श्री एल०डी० अरोड़ा, अतिरिक्त समाहर्ता (सीमा शुल्क) इलाहाबाद की हत्या के मामले , आर०सी० 10 (एस./93 में, जिनकी 24.3.93 को उनके घर के सामने हत्या कर दी गयी थी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू की तलाश है। उपर्युक्त मामले के अलावा, उत्तर प्रदेश